शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
जिला–धमतरी (छत्तीसगढ़)

# ACTIVITY ALBUM
# (2021-22)


# स्त्री विमर्श पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन


:: प्रेस विज्ञप्ति ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 25.10.2021 को हिन्दी विभाग के अंतर्गत ''स्त्री विमर्श और मृदुला गर्ग का साहित्य'' विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉ. हेमलता महेश्वर, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली की प्रोफेसर थी, साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. बी.एस. साहू प्रोफेसर हिन्दी, राजेन्द्र महाविद्यालय छपरा (बिहार) तथा अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. फूलदास महंत प्रोफेसर हिन्दी, शासकीय महाविद्यालय भैसमा (कोरबा) के उपस्थित रहे।

यह वेबीनार महाविद्यालय के छात्राओं तथा समाज में नारियों को उनके अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक कराने के उद्देश्य से रखा गया था। वेबीनार की मुख्य वक्ता डॉ. हेमलता महेश्वर संबंधित विषय पर कहा कि व्यक्ति अपनी मर्जी से नहीं बल्कि प्रकृति की मर्जी से किसी भी जेंडर के साथ इस दुनिया में आता हैं, उन्हें उनके जीवन को जीने की पूर्ण स्वतंत्रता नहीं मिल पाती। उन्हें समाज द्वारा उनके जेंडर के कारण उपेक्षित बना दिया जाता है। उन्होंने मीराबाई और महादेवी वर्मा का उदाहरण पेश करते हुए कहा कि उन्होंने अपने समय पर अपने हक की लड़ाई बखूबी लड़ी। परन्तु समाज आज भी महिलाओं को समान दर्जा नहीं दे पाता। उन्होंने मृदुला गर्ग का उदाहरण देते हुए कहा कि मृदुला जी ने तात्कालीन शासन के समक्ष कभी घुटने नहीं टेके और अपनी बात बड़ी बेबाकी के साथ अपने साहित्य के माध्यम से समाज के समक्ष रखा, जिससे महिलाओं में साहस और विश्वास पैदा हुआ। विशिष्ट वक्ता डॉ. बी.एस. साहू ने समाज स्त्री की स्थिति का इतिहास बताते हुए मृदुला गर्ग के साहित्य 'उसके हिस्से की धूप' पर समीक्षा की, साथ ही अतिथि वक्ता डॉ. फूलदास महंत ने पौराणिक ग्रंथों का उदाहरण देकर नारी की महानता को दर्शाते हुए प्रेमचंद के उपन्यास में उपेक्षित पात्रा 'धनिया' के चरित्र को स्पष्ट किया और यह भी कहा कि 'प्रगतिवादी संघर्ष शील' लेखकों द्वारा स्त्री विमर्श पर लगातार सहानुभूति के साथ साहित्य के सभी विधाओं पर लेख लिखने लगे जिससे समाज में नारी की स्थिति उत्तरोत्तर सुदृढ़ होती गई। महाविद्यालय में आयोजित होने वाला यह वेबीनार छात्र–छात्राओं में ज्ञानवर्धन के साथ शोध के नए आयाम स्थापित करता है। महानुभावों के विचारों को सुनने हेतु लगभग 200 छात्र–छात्रा सहित अन्य ने वेबीनार में अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन 12:00 से 02:30 तक निर्बाध रूप से हुआ।

हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजकुमार राठौर के मार्गदर्शन एवं डॉ. अम्बा शुक्ला के कुशल संचालन में यह वेबीनार सम्पन्न हुआ। IQAC प्रभारी प्रो. मनोज शर्मा ने सभी वक्ताओं को महाविद्यालय की ओर से आभार ज्ञापित किया। वेबीनार के सहयोग समिति के रूप में प्रो. राजाराम मेहरा, एवं प्रो. एस.आर. दर्रो की अहम भूमिका रही। तकनीकी व्यवस्था प्रभारी प्रो. जयेश करंजगांवकर एवं श्री अविरल तिवारी ने वेबीनार का तकनीकी संचालन कर महत्वपूर्ण योगदान दिया।






Samiksha Sahu
Dr.K.C. GUPTA
MANOJ KUMAR SHARMA
2:34 PM | syh-fpjn-izf

:: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत आनलाईन वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी छ.ग. के निर्देशों के परिपालन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम(स्वीप) का सामान्य जन में प्रचार–प्रसार करने एवं युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रेरित करने एवं उन्हे मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी प्रो.मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में दिनांक 29.10.2021 को इस सदन की राय में निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की स्वतंत्र, सक्रिय एवं समान भागीदारी, लैंगिक समानता स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी विषय पर आनलाईन वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वीप प्रभारी मनोज कुमार शर्मा द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के उद्देश्य एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला गया । उक्त वाद–विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों ने विषय पर अपने–अपने विचार व्यक्त किये । वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकाश वर्मा बीएस–सी भाग–2 ने प्राप्त किया । द्वितीय स्थान कु.रुमा मरकाम बीएस–सी भाग–1 ने एवं तृतीय स्थान कु.कृष्णप्रिया साहू बीएस–सी भाग–1 ने प्राप्त किया । प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी विजेता का नाम जिला स्तरीय अंतर महाविद्यायीन वाद–विवाद प्रतियोगिता में सम्मिलित किये जाने हेतु अग्रणी महाविद्यालय को प्रेषित किया गया । समस्त विजेता प्रतिभागी को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की ।





:: मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी छ.ग. के निर्देशों के परिपालन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम(स्वीप) का सामान्य जन में प्रचार–प्रसार करने एवं युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर के मार्गदर्शन एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल अधिकारी प्रो.राजाराम मेहरा के निर्देशन में दिनांक 17.11.2021 को मतदाता पुनरीक्षण कार्य 2021 हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया । 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र–छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु प्रारुप–06 भरवाकर जमा लिया गया ।





:: छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में हिंदी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजभाषा दिवस के अवसर पर दिनांक 06.12.2021 प्रभारी प्राचार्य प्रो.आर.के.राठौर के मार्गदर्शन एवं डॉ.अंबा शुक्ला के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना एवं राजकीय गीत से किया गया । छत्तीसगढ़ी परिधान से युक्त समस्त छात्र–छात्राओं ने मंत्रमुग्ध करने वाले लोकगीतों एवं लोककलाओं का प्रदर्शन किया, जो सराहनीय है । विद्यार्थियों ने विभिन्न छत्तीसगढ़ी व्यंजनों से अपने पाक कला का प्रदर्शन किया जो उनके लोक संस्कृति के प्रति प्रेम और रुचि का परिचायक है । प्रभारी प्राचार्य द्वारा छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के गठन एवं महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया । इस अवसर पर प्रो.राजाराम मेहरा, श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मण्डावी, समस्त अतिथि व्याख्याता सहित हिन्दी विभाग के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।




शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी
छत्तीसगढ़ी - राजभाषा
आयोग





:: विद्यार्थियों ने पायी औषधीय पौधों एवं वन उत्पादों की जानकारी ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 06.01.2022 को प्रभारी प्राचार्य प्रो.राजकुमार राठौर एवं विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो.जयेश करंजगांवकर के निर्देशानुसार एमएस–सी वनस्पतिशास्त्र के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा कोलियारी औषधी रोपणी (बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र) एवं वन–धन विकास केन्द्र दुगली में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया गया । प्रथम चरण में रोपणी के डिप्टी रेंजर श्री डी.के.मंडावी द्वारा नर्सरी के महत्व एवं पौधो की देखभाल के बारे में छात्र–छात्राओं को जानकारी दी गई । रोपणी में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा नर्सरी में औषधीय पौधों की पहचान एवं उसके द्वारा रोगो के उपचार के बारे में बताया गया । द्वितीय चरण में वन–धन विकास केन्द्र दुगली के तकनीकी कार्यकारी श्री वेदप्रकाश मंडावी द्वारा केन्द्र में वनो से प्राप्त फल, कंदमूल से तैयार उत्पादों एवं लघु वनोपज प्रसंस्करण की जानकारी दी गई । वन परिक्षेत्र दुगली के रेंजर श्री तीर्थराज द्वारा लघु औषधि उद्यान के निर्माण योजना बताया गया । अतिथि व्याख्याता सुश्री योगिता समुंद एवं सुश्री सविता लहरें ने शैक्षणिक भ्रमण में योगदान दिया ।













## नगरी महाविद्यालय में कोविड–19 टीकाकरण शिविर आयोजित

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के प्रभारी प्राचार्य श्री आर.के. राठौर के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो.आर.आर.मेहरा के मार्गदशन तथा नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द के तत्वाधान में महाविद्यालय में कोविड–19 टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया । टीकाकरण के संबंध में डोर टु डोर सर्वे ग्राम छिपली में किया गया । नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से डॉ.ए.के.नेताम द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया । स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा कुल 60 छात्र–छात्राओं को सुरक्षित ढ़ंग से टीकाकरण किया गया । महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता श्री श्यामसुंदर शर्मा, श्री रमाकांत रजक उपस्थित रहे तथा राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तथा रेडक्रास/रेडरिबन सोसायटी के स्वयंसेवक ने सहयोग प्रदान किया ।









## :: अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन ::

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 08.03.2021 को रासेयो एवं रेडक्रास के संयुक्त तत्वाधान में प्रो.राजकुमार राठौर प्रभारी प्राचार्य के मार्गदर्शन तथा प्रो. राजाराम मेहरा कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । महाविद्यालय के समस्त महिला प्राध्यापक एवं कर्मचारियों ने अपने जीवन अनुभव को साझा करते हुए समानता एवं स्वतंत्रता का पक्ष रखा तथा उन्हें सम्मानित करते हुए समाज निर्माण में महिलाओं के अविस्मरणीय योगदान पर प्रकाश डाला गया । छात्र–छात्राओं ने कविता एवं गीतो के माध्यम से नवीन प्रेरणा की अभिव्यक्ति की । कार्यक्रम में अतिथि व्याख्यतागण डॉ.अंबा शुक्ला, डॉ.संध्यारजनी मिश्रा, डॉ. ममता सौरज, डॉ. प्रीति करंजगांवकर, श्रीमती अंजनी पैकरा, काजल साहू, श्रीमती योगिता समुंद, सविता लहरे, श्री हिमेश साहू, श्री हीराधर साहू, श्री सौरभ पाण्डे, श्री श्यामसुंदर शर्मा एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा ।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तथा रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य श्री आर.के. राठौर के निर्देशन एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो.आर.आर.मेहरा के संयोजन में दिनांक 05.06.2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया । पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु अधिकारी/कर्मचारियों तथा वालंटियर्स द्वारा महाविद्यालय के मैदान एवं ग्राम छिपली में छायादार एवं फलदार जैसे आम, जाम, अमरुद तथा आक्सीजन प्रदान करने पीपल का पौधारोपण किया गया तथा छात्र–छात्रओं को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. दीपा देवांगन, सुश्री हितेशा नंद ठाकुर, कर्मचारीगण श्री आशोक कुमार ध्रुव, श्रीमती धानबाई एवं रासेयो/रेडक्रास के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।









# अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2022 का आयोजन

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तथा रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में प्रभारी प्राचार्य प्रो.कौशल नायक के निर्देशन में दिनांक 21.06.2022 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2022 के अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा दिनांक 21.06.2022 को प्रातः 8.00 बजे महाविद्यालय प्रांगण में सुर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन आदि योगाभ्यास संपन्न किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्रो.कौशल नायक ने किया जिन्होने दैनिक जीवन में स्वास्थ्य लाभ हेतु योग के फायदे बताये । कार्यक्रम में महाविद्यालय के कर्मचारीगण श्री अविरल तिवारी, श्री सागर मंडावी, श्री अशोक कुमार ध्रुव, श्री कृष्णकुमार सिन्हा उपस्थित रहे।









# विश्व एड्स दिवस का आयोजन





# हिन्दी दिवस का आयोजन
# (14.09.2021)









# अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस
## (10.12.2021)








## राष्ट्रीय युवा दिवस
## (10.12.2021)









# परीक्षा पे चर्चा






# नारी सशक्तिकरण एवं जागरुकता
# (अभिव्यक्ति)
# (13.04.2022)









# सड़क सुरक्षा मोटरसायकल यात्रा







